807(G)
02/02/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 30/01/26 को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही

पथ प्रमंडल, भभुआ के अन्तर्गत सिसौरा–मुखरा पथ के 13वें एवं 14वें कि०मी० में आर०सी०सी० नाला का निर्माण कार्य वर्ष 2025–26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री विजय कुमार, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–17.11.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3969 दिनांक–17.11.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–151(अनु०) दिनांक–12.01.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–12.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | सिसौरा–मुखरा पथ के 13वें एवं 14वें कि०मी० में आर०सी०सी० नाला का निर्माण कार्य वर्ष 2025–26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, भभुआ। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹210.23 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6673(एस०) दिनांक–28.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹223.47 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–2881 दिनांक–14.08.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | | ₹221.46166 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 05 (Five) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 30.08.2025 |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 05 (पाँच) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Brijendra Kumar Singh
(2) M/s Balwant Construction Pvt. Ltd.
(3) Vikash Kumar Sinha
(4) Manish Vinod Singh Constructions
(5) M/s VS Construction

4. दिनांक–13.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 05 (पाँच) निविदाकारों में से 02 (दो) निविदाकार (1) M/s VS Construction को ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार के ज्ञापांक–14/अ०प्र०–14–99/2025–9323/पटना दिनांक–29.08.2025 के द्वारा कार्य प्रमंडल, मोहनिया के अधीन निविदा में फर्जी (Tender ID- 139110) ATO (फर्जी कागजात) समर्पित करने संबंधी आरोप के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम–11 के (ix) एवं 11–ख (i) में विहित प्रावधान के आलोक में दो वर्षों के लिए कालीकृत किये जाने के कारण एवं (2) Vikash Kumar Sinha के द्वारा Litigation History के अन्तर्गत Last 5 Year के Information संलग्न नहीं किये जाने के कारण SBD के कंडिका–4.3 (J) के तहत् असफल एवं शेष 03 (तीन) निविदाकार यथा (1) M/S Brijendra Kumar Singh (2) M/s Balwant Construction Pvt. Ltd. एवं (3) Manish Vinod Singh Constructions को निविदा की न्यूनतम वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करने के कारण सफल घोषित किया जाता है।

पुनः दिनांक–17.11.2025 को पुर्नमूल्यांकन के पश्चात् तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 05 (पाँच) निविदाकार में से 01 (एक) निविदाकार M/s VS Construction को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम–11 क (ix) एवं 11 ख (i) में विहित प्रावधान के आलोक में दो वर्षों के लिए कालीकृत किये जाने के कारण तकनीकी बीड में असफल एवं शेष 04 (चार) निविदाकार यथा (1) M/s Brijendra Kumar Singh (2) M/s Balwant Contraction Pvt. Ltd. (3) Vikash Kumar Sinha एवं (4) Manish Vinod Singh Constructions को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–3969 दिनांक–17.11.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–17.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा Vikash Kumar Sinha के पत्रांक–शून्य दिनांक–17.11.2025 एवं निविदा के तकनीकी बीड में दूसरे सफल निविदाकार यथा Manish Vinod Singh Constructions के पत्रांक–MVSC/2025-26/56 दिनांक–20.11.2025 द्वारा सफल निविदाकार यथा Vikash Kumar Sinha के विरूद्ध परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–151(अनु०) दिनांक–12.01.2026 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गयी है।

**6. परिवादः–** दिनांक–17.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की संशोधित कार्यवाही में 02 (दो) सफल निविदाकार (1) Vikash Kumar Sinha के पत्रांक–शून्य दिनांक–17.11.2025 द्वारा इस कार्यालय में दिनांक–20.11.2025 को परिवाद समर्पित किया गया एवं दिनांक–19.11.2025 को दूसरे सफल निविदाकार (2) Manish Vinod Singh Constructions के पत्रांक–MVSC/2025-26/56 दिनांक–20.11.2025 द्वारा इस कार्यालय में दिनांक–20.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन पर प्राप्त परिवाद एवं समीक्षा निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| 1. | Vikash Kumar Sinha | यह कि उपरोक्त विषयान्तर्गत NIT No.-RCD/Bhabhua/03/2025-26 में मुझे तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा SBD की कंडिका 4.3 (J) के तहत आखरी 05 वर्ष के अन्तर्गत Litigation History Information संलग्न न होने का कारण देते निविदा की तकनीकी कार्यवाही में असफल घोषित कर दिया गया है। जबकि मेरे द्वारा इस निविदा में Litigation History Information संलग्न किया है।<br>अतः श्रीमान् से सादर अनुरोध है कि उपरोक्त विषयान्तर्गत मेरे द्वारा अपलोड किये गये Litigation History Document को पुनः डाउनलोड कर देखते हुए इस निविदा की पुनः तकनीकी कर तकनीकी रूप से निविदा में सफल घोषित करने की कृपा करें, ताकि निविदा की निष्पक्षता बनी रहे। | दिनांक–13.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही में टंकण भूलवश Vikash Kumar Sinha को निविदा में असफल घोषित कर दिया गया परन्तु परिवाद प्राप्त होने से पूर्व ही संज्ञान में आने पर दिनांक–17.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही को संशोधित करते हुए निविदाकार Vikash Kumar Sinha को वर्त्तमान निविदा में सफल घोषित किया गया एवं दिनांक–19.11.2025 को विभागीय Website पर Upload किया गया।<br>अतः प्राप्त परिवाद के इस बिन्दु को मान्य किया जाता है। |
| 2. | Manish Vinod Singh Constructions | उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि उक्त विषयक निविदा में मेरे द्वारा भाग लिया गया है। जिसमें दिनांक–13.11.2025 (मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण के ज्ञापन–3947 दिनांक–14.11.2025) को संपन्न तकनीकी | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| | | बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में निविदाकार Vikash Kumar Sinha को Litigation History के अन्तर्गत Last 5 Year का Information संलग्न नहीं करने के कारण आयोग्य घोषित किया गया। फिर उसके बाद दिनांक–17.11.2025 (मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग के ज्ञापन–3969, दिनांक–17.11.2025) को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में टंकण भूलवश का हवाला देते हुए निविदाकार Vikash Kumar Sinha को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा योग्य घोषित किया गया। निविदाकार Vikash Kumar Sinha को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा योग्य घोषित करने पर मुझे आपत्ति है जिसके विरोध में मैं परिवाद पत्र दे रहा हूँ। क्योंकि मैं निविदाकार Vikash Kumar Sinha का कागजात जो इस निविदा में दिया गया है का अवलोकन किया जिसमें गलतियां देखा हूँ। जो निम्नलिखित है, साथ में साक्ष्य भी दे रहा हूँ।<br><br>परिवाद का बिन्दुवार वर्णन निम्न प्रकार है:–<br><br>1. इनके द्वारा SBD की ITB की कंडिका 4.3 (J) "Information regarding any litigation, current or during the last five years, in which | 1. परिवाद में वर्णित वाद सं०–CWJC No.-747/2019, CWJC No.-19841/2018 एवं CWJC No.-19854/2018 की जाँच Patna High Court के Website पर की |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| | | the Bidder is involved, the parties concerned and dispute amount" के आलोक में विगत पाँच वर्षों का information प्रस्तुत नहीं किया गया है जबकि निविदाकार का Last 5 में Year Litigation, CWJC No.-747 of 2019, CWJC No.-19841 of 2018 एवं CWJC No.-19854 of 2018 है। जिसका मैं साक्ष्य भी प्रस्तुत कर रहा हूँ। | गई जिसमें "Present Status :- DISPOSED' अंकित है। अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। |
| | | 2. Vikash Kumar Sinha को कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद डिहरी डालमियानगर के अन्तर्गत "Estimate for Construction of RCC Drain from Bakuliya Baba More to G.T Road Main Drain in ward no.-16 (Tender Reference No.-NIT/05/15)" का कार्य उपरोक्त विषयक निविदा के Bid Due Date से पहले आवंटित हुआ है, जबकि इनके द्वारा इस निविदा में दिए गए Existing Commitment on going work या Bid Already Submitted के जिक्र नहीं किया गया है। जिसका मैं साक्ष्य भी प्रस्तुत कर रहा हूँ। | 2. कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, भभुआ के पत्रांक–734 (अनु०), दिनांक–18.12.2025 द्वारा Construction of RCC Drain from Bakuliya Baba more to GT Road Main Drain in ward no.-16 कार्य के संबंध में नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् डेहरी–डालमियानगर का पत्रांक–1017, दिनांक–06.12.2025 समर्पित किया गया है, जिसमें उल्लेखित है कि "संवेदक मेसर्स विकास कुमार सिन्हा को अधीक्षण अभियंता के कार्यालय नगर विकास अंचल 02, पटना के पत्रांक–852, दिनांक–23.10.2024 को कार्य आवंटित किया गया था।"<br>चुँकि विषयांकित निविदा की अंतिम तिथि 30.08.2025 है एवं निविदाकार Vikash Kumar Sinha द्वारा उक्त कार्य को Existing Commitment/ Bid Already submitted में Drain from Bakuliya Baba more to GT Road में नहीं दर्शाया गया है। अतः परिवाद के इस बिन्दु को |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| | | | मान्य किया जाता है। |
| | | 3. इस निविदा में प्रस्तुत कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (Letter No.-96, Date 23.02.2022) जो Executive Officer, Nagar Parisad, Daudnagar (Aurangabad) से निर्गत है, में Work done Quantity वित्तीय वर्ष 2020–21 में ही प्रदर्शित है, जबकि इनके द्वारा निविदा में प्रस्तुत Payment Certificate (Letter no.-95 dt 23.02.2022) जो कि मापी पुस्तिका के अनुसार निर्गत होता है, का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि यह कार्य दो वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में कराया गया है। क्योंकि Payment Certificate के अनुसार 1st RA Bill वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 3rd, 4th& 5th RA Bill का भुगतान वित्तीय वर्ष 2021–22 में किया गया है। अतः इनके द्वारा निविदा में प्रस्तुत कार्य अनुभव प्रमाण--पत्र में वर्णित work done quantity का सत्यापन मापी पुस्तिका से वित्तीय वर्षवार कराया जाय। | 3. निविदाकार Vikash Kumar Sinha द्वारा Uploaded अनुभव प्रमाण पत्र कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, दाउनगर के पत्रांक–96, दिनांक–23.02.2022 का सत्यापन कार्यालय नगर परिषद्, दाउदनगर (औरंगाबाद) के ज्ञापांक–764 / दिनांक–08.09.2025 द्वारा किया गया, जिसमें कार्य समाप्ति की तिथि–23.05.2021 अंकित है एवं कुल मिट्टी का कार्य 3620.39$m^3$ जों कि वित्तीय वर्ष 2020–21 अंकित है।<br>प्राप्त परिवाद के आलोक में पुनः कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, भभुआ द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु भेजा गया जिसमें कार्यालय नगर परिषद दाउदनगर (औरंगाबाद) के पत्रांक–955, दिनांक–17.12.2025 द्वारा सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र में कार्य समाप्ति की तिथि 23.05.2021 ही अंकित है, परन्तु कुल मिट्टी का कार्य 4215.12$m^3$ जो कि वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में दर्शाया गया है जो कि Uploaded अनुभव प्रमाण पत्र से भिन्न है।<br>अतः uploaded अनुभव प्रमाण पत्र की मान्यता नहीं दी जा सकती है। परिवाद के इस बिन्दु को मान्य किया जाता है। |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| | | 4. इनके द्वारा निविदा में प्रस्तुत किया गया Bank certificate, SBD के प्रारूप के अनुसार नहीं है एवं बैंक के Letterhead पे भी नहीं है।<br>श्रीमान् से निवेदन है कि परिवाद पत्र में उपरोक्त वर्णित निविदाकार Vikash Kumar Sinha के तथ्यों का जाँच कराकर ही निविदा का निष्पादन किया जाय। इसके लिए मैं सदा आपका आभारी रहूँगा।<br>इस परिवाद पत्र के साथ मैं साक्ष्य भी संलग्न कर रहा हूँ। | 4. निविदा के साथ संलग्न Bank Certificate, SBD के प्रारूप के अनुरूप हैं एवं Panjab National "Bank का Stamp लगाया गया है।<br>अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। |

**7. परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

उक्त वर्णित समीक्षा के आलोक में निविदाकार Vikash Kumar Sinha द्वारा आवंटित कार्य को Existing Commitment नहीं दर्शाये जाने के कारण SBD Section-2 Qualification Information Cl. 1.4 (A) के तहत् एवं Experience of work done quantity ($M^3$) के लिए Uploaded अनुभव प्रमाण पत्र एवं जाँच के क्रम में समर्पित किये गये अनुभव प्रमाण पत्र में भिन्नता पाये जाने के कारण SBD ITB Cl. 4.5 (A) (c) के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

दिनांक–17.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की संशोधित कार्यवाही को पुनः सेशोधित करते हुए विषयांकित निविदा में भाग लेने वाले 05 (पाँच) निविदाकार में से 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/s VS Construction एवं (2) Vikash Kumar Sinha को तकनीकी बीड में असफल एवं शेष 03 (तीन) निविदाकार यथा (1) M/s Brijendra Kumar Singh (2) M/S Balwant Construction Pvt. Ltd. एवं (3) Manish Vinod Singh Construction को तकनीकी बीड सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

8. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

8.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–151(अनु०) दिनांक–12.01.2026 के माध्यम से निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–12.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते है :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा **Manish Vinod Singh Constructions** के पत्रांक–**MVSC/2025-26/56** दिनांक–20.11.2025 द्वारा सफल निविदाकार **Vikash Kumar Sinha** के विरूद्ध दिए गए परिवाद को मान्य करते हुए तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा **Vikash Kumar Sinha** द्वारा आवंटित कार्य को **Existing Commitment** में नहीं दर्शाये जाने के कारण **SBD Section-2 Qualification Information Cl. 1.4 (A)** के तहत् एवं **Experience of work done quantity ($M^3$)** के लिए **Uploaded** अनुभव प्रमाण पत्र एवं जाँच के क्रम में समर्पित किये गये अनुभव प्रमाण पत्र में भिन्नता पाये जाने के कारण **SBD ITB Cl. 4.5 (A) (c)** के तहत् निविदा के तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–3969 दिनांक–17.11.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–17.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया।

(iv) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| (मजीद अहमद) 30/01/26 | (राजकुमार) 30/01/26 | (विजय कुमार) 30/01/26 | (उमा कान्त रजक) 30/01/26 |
|---|---|---|---|
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–04/2026 807 (E) पटना, दिनांक 02/02/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/01/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।